हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
राजस्व वाद 33/2015
श्रीमति श्रवणी व अन्य बनाम जगदीश व अन्य
अन्तर्गत धारा 53,88,188 आरटीए

नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में

पत्रावली पेश हुई। वादीगण के अभिभाषक उपस्थित। जी0ए0 उपस्थित। वादीगण/अभिभाषक को दिनांक 08.11.2016 के द्वारा प्रतिवादी संख्या 1 से 6 की तलबी हेतु सही पते के नोटिस तलवाना प्रस्तुत किये जाने के आदेश दिये गये थे। दिनांक 10.08.2020 को पुनः उक्त कार्यवाही किये जाने हेतु आदेश दिये जाने के उपरान्त भी वादीगण व उनके अभिभाषक द्वारा आज दिनांक तक प्रतिवादीगण की तलबी हेतु नोटिस तलवाना प्रस्तुत नही किये गये है जबकि प्रकरण वर्ष 2015 से न्यायालय मे लम्बित है। 6 वर्ष का समय तलबी हेतु दिये जाने के उपरान्त भी तलबी वादीगण के अभिभाषक द्वारा न्यायालय मे प्रस्तुत नही की गई है इससे स्पष्ट है कि वादीगण व उनके अभिभाषक अपने हक अधिकारो के प्रति सजग नही है। अतः वादीगण के द्वारा प्रस्तुत वाद आदेश 9 नियम 5 जा0दी0 के तहत अदम पालना मे खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

(तारामति वैष्णव)
सहायक कलक्टर (मु0)
अजमेर

सहायक कलक्टर (मु.), अजमेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Taramati Vaishnava
Date: 2021.09.10 15:16:35 IST
Reason: SelfAttested